an>

Title: Need to stop illegal mining and extortion of money in Banda and Chitrakoot region.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट में बड़े जोर-शोर से अवैध खनन बड़ी मात्रा में किया जा रहा है। खनन माफिया जोर-जबरदस्ती करते हुए जिनकी नियमानुसार लीज़ बनी हुई है उन्हें कार्य करने से रोककर स्वयं अवैध खनन करवा रहे हैं। इस प्रकार की दबंगई का विरोध करने पर जगह-जगह हत्याएं हो रही हैं। ताजा उदाहरण मेरे संसदीय क्षेत्र के कर्वी थानान्तर्गत खनन माफियाओं द्वारा हाल ही में किया गया दोहरा हत्याकाण्ड है। इसके अलावा मोरंग, गिट्टी व बालू पर लीज़ होल्डरों से रायल्टी के अलावा प्रति ट्रक 1500/- रूपये से 2500/- रूपये तक तथा प्रति ट्रैक्टर ट्राली से 500/- रूपये से 1000/- रूपये तक अवैध वसूली की जा रही है। पूरे प्रदेश में प्रत्येक जनपद एवं तहसील स्तर पर अराजक तत्वों के माध्यम से जबरदस्ती वसूली की जा रही है।

जोर-जबरदस्ती के आधार पर जारी उपरोक्त के संबंध में अधिकारियों से शिकायत करने पर अधिकारी स्वयं अपने को असहाय महसूस करते रहे हैं। हालात बहुत ही विषम स्थिति में पहुंच चुके हैं। अतः मैं इस लोक महत्व के प्रश्न पर भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग करता हूं।